# अपनी बात

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

अंक : 477, वर्ष 38

राँची, 31 मई, 2014


## श्रमिक दिवस समारोह में श्रेष्ठ क्षेत्र और श्रेष्ठ कर्मी सम्मानित

सीसीएल द्वारा रिम्स आडिटोरियम, रांची में 01 मई को श्रमिक दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष, कोल इंडिया श्री एस नरसिंग राव, सीएमडी श्री गोपाल सिंह, संयुक्त सचिव (कोल), भारत सरकार श्री एस के सिंह, निदेशक (तक/संचालन) श्री टी के नाग, निदेशक (कार्मिक) श्री आर आर मिश्र, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्रीमती विस्मिता तेज, संयुक्त सलाहकार संचालन समिति के सदस्य, जेबीसीसीआई सदस्य श्री राजेन्द्र प्रसाद सिंह, जेबीसीसीआई सदस्य श्री रमेन्द्र कुमार, जेसीएससी के सदस्य, सीएमओएआई के श्री ए के त्रिपाठी और क्षेत्रीय मुख्य महाप्रबंधक/महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, कर्मचारी/अधिकारीगण, पूर्व सीएमडी, निदेशक, महिलाएं तथा बड़ी संख्या में कर्मी उपस्थित थे। मौके पर आये डी ए वी स्कूल के बच्चों ने स्वागत गान किया। अवसर विशेष पर अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कामगारों, खदानों, क्षेत्रों एवं परियोजनाओं को पुरस्कृत किया गया।




श्रमिक दिवस पर कोल इंडिया अध्यक्ष श्री एस नरसिंग राव कर्मियों एवं अन्य को संबोधित करते हुए




दिवंगत अमर शहीद कोयला कर्मियों को नमन करते सीएमडी सीसीएल




सीसीएल के कर्मवीरों के साथ, सीएमडी, जेसीएससी के सदस्यगण



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री एस नरसिंग राव, विशिष्ट अतिथि श्री गोपाल सिंह, सीएमडी, सीसीएल, श्री टी के नाग और श्री आर आर मिश्र ने संयुक्त सलाहकार संचालन समिति के सदस्यों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। श्री टी के नाग, निदेशक(तक/संचा) ने अतिथियों एवं उपस्थित सभी का स्वागत किया।

सीएमडी श्री सिंह ने इस अवसर पर उपस्थित सभी का हार्दिक अभिनन्दन करते हुए कहा कि जिस लक्ष्य के लिए श्रमिक दिवस मनाया जाता है उसी रूप में उनका सम्मान हो। उन्होंने कामगारों से कहा कि आज का यह सम्मान समारोह आपके अर्थात आपके श्रम को पुरस्कृत करने के लिए किया गया है। सीसीएल की अपनी गरिमा है। उन्होंने कम्पनी के "कायाकल्प योजनाओं" के अन्तर्गत किए गए एवं किए जा रहे विभिन्न कल्याणकारी कार्यों की विस्तृत जानकारी दी।

श्री सिंह ने कहा कि जब उत्पादन एवं प्रेषण लक्ष्य की प्राप्ति होती है, इस प्रकार के भव्य आयोजन करने में खुशी होती है। उन्होंने कहा कि उत्पादन लक्ष्य तो प्राप्त करना ही होगा, इसके लिए डम्पर आपरेटर अपना कार्य और एक घंटा बढ़ाये। समाधान केन्द्र में जिस क्षेत्र से सबसे ज्यादा शिकायत प्राप्त होंगे उस क्षेत्र को पुरस्कृत किया जायगा। उन्होंने प्रत्येक क्षेत्र में सुझाव पेटी रखने की बात कही तथा कहा कि मानवता बड़ी चीज है इसलिए पुनर्वास पर ध्यान दिया जाय। कोशिश ये होनी चाहिए कि हमारे पड़ोसी खुश रहें। उन्होंने कहा कि सीसीएल में बदलाव हो रहा है और जे सी एस सी और जे बी सी सी आई के सदस्यों के सहयोग से सीसीएल अपनी प्राथमिकता को पा सकेगी। उन्होंने आयोजनकर्ताओं को इस भव्य आयोजन के लिए धन्यवाद दिया।

समारोह के मुख्य अतिथि कोल इंडिया अध्यक्ष श्री एस नरसिंग राव ने कोयला उद्योग में कार्यरत लगभग तीन लाख पचास हजार कर्मियों को मई दिवस की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि श्रमिकों के मेहनत का ही फल है कि कतिपय चुनौतियों एवं कठिनाइयों के बावजूद कोल इंडिया बेहतर कार्य-निष्पादन कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमें पिछले वर्ष की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए उसी अनुरूप कार्य करना होगा ताकि वर्ष 2014-15 के उत्पादन लक्ष्य को हासिल किया जा सके। उन्होंने कहा कि हमें लक्ष्य की प्राप्ति करनी ही होगी क्योंकि देश को कोयले की आवश्यकता है। उन्होंने कामगारों की हौसला आफजायी करते हुए कहा कि अगर हम एकजुट होकर काम करें तो हर चीज संभव है। उन्होंने कार्य प्रतिबद्धता पर बल दिया तथा अपने कमांड क्षेत्र के आस-पास के ग्रामीणों के कल्याण पर किए जाने वाले कार्य को पूरा करने का आह्वान किया।

ममता शंकर एवं डांस ग्रुप द्वारा प्रस्तुत मनमोहक परम्परागत नृत्य तथा नाटिका बहुत ही मनोरंजक एवं शिक्षाप्रद थी। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समारोह सम्पन्न हुआ।

## सीएमडी ने 'सीसीएल के लाल' बच्चों को सम्मानित किया

विगत 29 मई को "सीसीएल के लाल आपकी सफलता" पर सीसीएल परिवार की ओर से हार्दिक बधाई कार्यक्रम का आयोजन 'विचार मंच' मुख्यालय रांची में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएमडी, सीसीएल श्री गोपाल सिंह थे जबकि विशिष्ट अतिथि निदेशक (तक./संचा.) श्री टी के नाग तथा निदेशक(कार्मिक) श्री आर आर मिश्र थे।

'विचार मंच' पहुंचने पर सीएमडी तथा निदेशकगणों ने सभी बच्चों से सीधे संवाद कर उन्हें बधाई दी। बच्चों के अभिभावकों ने कहा कि आज का दिन निश्चय ही सुखदायी दिन है क्योंकि 'सीसीएल के लाल' योजना के तहत हमारे बच्चों को निःशुल्क पढ़ाई, लिखाई, कोचिंग, रहने, खाने, चिकित्सा आदि सुविधा मुहैया कराई गई, इसके लिए सीसीएल परिवार बधाई का पात्र है।

मुख्य अतिथि सीएमडी, श्री गोपाल सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आप सभी ने इंजीनियरिंग के साथ-साथ 12वीं की परीक्षा में भी बेहतर प्रदर्शन किया है। आप सभी बच्चे सीसीएल के ब्रांड एम्बेसेडर हैं तथा सीसीएल वृहद परिवार के सदस्य हैं। श्री सिंह ने कहा कि हम सभी का दायित्व बनता है कि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो। इन्हीं से परिवार, समाज और उन्नत राष्ट्र बनता है। 'सीसीएल के लाल' कार्यक्रम शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मुहिम सीसीएल द्वारा चलाई जा रही है। आप सभी बच्चे सिर्फ अपने परिवार का, सीसीएल का नहीं बल्कि पूरे झारखंड प्रदेश का नाम रौशन करें। आप सभी बच्चों की सफलता के पीछे तीनों फैकल्टी सर्वश्री एन पी सिंह, एस एल घोष एवं विश्वकर्मा का महत्वपूर्ण योगदान है। इस कार्यक्रम से पिछले दो वर्ष से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े सभी को धन्यवाद। द्वितीय बैच भी वर्ष 2015 में अपना और बेहतर प्रदर्शन करे यही मेरी कामना है।



सीएमडी, निदेशकगण एवं अन्य "सीसीएल के लाल" बच्चों के साथ

अपने संबोधन में निदेशक(तक./संचा.)ने बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि हमलोग कोयला उद्योग के क्षेत्र में माहिर हैं परन्तु हमारे सीएमडी को जुनून था शिक्षा के क्षेत्र में कुछ करने का और 'सीसीएल के लाल' की पहली बैच की सफलता से हम सभी गौरवान्वित हैं।

निदेशक (कार्मिक) श्री आर आर मिश्र ने बच्चों को उनकी सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि आज से दो वर्ष पूर्व सीसीएल के सीएमडी श्री गोपाल सिंह की यह सकारात्मक सोच थी 'सीसीएल के लाल'। प्रथम बैच में 15 बच्चों चयन हुआ और 11 बच्चे आये। शुरूआत में कठिनाइयां जरूर आई परन्तु बच्चों ने अपना श्रेष्ठ दिया और आज परिणाम है कि बच्चे 12वीं में अच्छा प्रदर्शन करने के साथ-साथ इंजीनियरिंग में अच्छा प्रदर्शन किए हैं। इस वर्ष 25 बच्चों का ओपन कैटगरि से चयन किया जायगा।

सीएमडी तथा निदेशकगणों ने सभी बच्चों को पुष्पगुच्छ तथा प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

स्वागत भाषण श्री आर वी प्रसाद, महाप्रबंधक(एसडी एवं सीएसआर) ने किया तथा पावर प्वांट के माध्यम से सीसीएल द्वारा किए जा रहे सी एस आर कार्यक्रमों की जानकारी दी। धन्यवाद ज्ञापन श्री एस बक्सी, वरीय प्रबंधक (सीएसआर) ने किया।


सम्पादक : दीपक कुमार, प्रबंधक (जनसम्पर्क), जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : निवेदिता बनर्जी, वरीय अधिकारी (रा.भा.), सीसीएल, दरभंगा हाउस, रॉंची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, रॉंची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)